दिनांक–29.03.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- लोकससभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश में 107 उम्मीदवारों के नामांकन–पत्र मान्य पाए गए। छह नामांकन–पत्र खारिज।
- दूसरे चरण के लिए नामांकन–पत्र दाखिल करने का आज दूसरा दिन। कल पहले दिन होशंगाबाद में सिर्फ एक नामांकन–पत्र दाखिल हुआ।
- आईपीएल क्रिकेट के रोमांचक मैच में कल रात राजस्थान रॉयल्स ने डेल्ही कैपिटल्स को 12 रन से हराया।
- प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे हुए। कई जिलों में पारा रिकार्ड स्तर पर।

## पहला चरण–नामांकन जांच

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की छह सीटों के लिए नामांकन–पत्रों की जांच प्रक्रिया कल पूरी हो गई। इसमें 107 उम्मीदवारों के नामांकन–पत्र कानून–सम्मत मान्य पाए गए हैं। वहीं, छह नामांकन–पत्र खारिज किए गए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने यह जानकारी दी। श्री राजन ने बताया कि सीधी में 20, शहडोल में 10, जबलपुर में 21, मंडला में 16, बालाघाट में 17 और छिन्दवाड़ा में 23 अभ्यर्थियों के नामांकन–पत्र विधिमान्य पाए गए हैं। पहले चरण के लिये नामांकन दाखिल कर चुके प्रत्याशी शनिवार 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए शुक्रवार, 19 अप्रैल को मतदान होगा।

## दूसरा चरण–नामांकन

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की सीटों के लिए नामांकन–पत्र दाखिल करने का आज दूसरा दिन है। पहले दिन कल होशंगाबाद में एक उम्मीदवार ने अपना नामांन–पत्र दाखिल किया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि अन्य 6 लोकसभा सीटों पर पहले दिन किसी भी अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन–पत्र दाखिल नहीं किया। दूसरे चरण के लिए 5 दिन नाम निर्देशन पत्र जमा होंगे। 29 मार्च को गुड फ्राइडे का शासकीय अवकाश, 31 मार्च को रविवार और एक अप्रैल को बैंकों में अवकाश की वजह से नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। दूसरे चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र करने की अंतिम तारीख 4 अप्रैल है। इसके अगले दिन 5 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी। 8 अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

## सी–विजिल एप

लोकसभा चुनाव की 16 मार्च को घोषणा होने के साथ ही आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू है। इसके साथ ही सी–विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन के अनुसार, कल तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 529 शिकायतें प्राप्त हो चुकीं हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। श्री राजन ने प्रदेश के नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो सी–विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी–विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी–विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी।

चुनाव अवकाश

लोकसभा चुनाव में प्रदेश के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चार चरणों मतदान होगा। राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्सट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है। प्रथम चरण में 19 अप्रैल (शुक्रवार), द्वितीय चरण में 26 अप्रैल (शुक्रवार), तृतीय चरण में 7 मई (मंगलवार) एवं चतुर्थ चरण में 13 मई (सोमवार) को होने वाले निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए उक्त तिथियों में सामान्य अवकाश घोषित किया है।

मतदाता जागरूकता

विदिशा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार एक से पांच अप्रैल तक सभी मतदान दलो के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं डाकमत पत्र की सुविधा को लेकर अधिकारी, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। दमोह में शतप्रतिशत मतदान के लिए स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसके तहत कल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होली के रंग लोकतंत्र के संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। धार, गुना, शिवपुरी, मंडला, शाजापुर, आगरमालवा, उमरिया, रायसेन सहित सभी जिलों में मतदाता जागरूकता के लिये कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे **WhatsApp** नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।
आईये अब सुनते हैं बैतूल जिले के सुरेश कुमार बत्री का संदेश। –
बाइट– सुरेश कुमार बत्री, बैतूल

इंडियन प्रीमियर लीग

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट के रोमांचक मैच में कल रात राजस्थान रॉयल्स ने डेल्ही कैपिटल्स को 12 रन से हरा दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में डेल्ही कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। राजस्थान रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 185 रन बनाए। उसकी ओर से रियान पराग ने 45 गेंदों में नाबाद 84 रन की पारी खेली। जीत के लिए 186 रन के लक्ष्य के जवाब में डेल्ही कैपिटल्स 5 विकेट पर 173 रन ही बना सकी। रियान पराग को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

आईपीएल में आज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

भू–अभिलेख पोर्टल

प्रदेश में कृषि वर्ष परिवर्तन के कारण कार्यालय आयुक्त, भू–अभिलेख ग्वालियर द्वारा संचालित मध्य प्रदेश भूलेख पोर्टल **mpbhulekh.gov.in** की सेवाएं एक अप्रैल से 5 अप्रैल तक बंद रहेगा। यह जानकारी कार्यालय आयुक्त भू–अभिलेख ग्वालियर ने दी है।

मियामी ओपन टेनिस

मियामी ओपन टेनिस में भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डन की सर्वोच्च वरीयता प्राप्त जोड़ी पुरुष डबल्स के फाइनल में पहुंच गई है। सेमीफाइनल में उन्होंने स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स और अर्जेंटीना के होरेसियो ज़ेबालोस की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को सीधे सेटों में 6–1, 6–4 से पराजित किया। शनिवार को फाइनल में

भारतीय–ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त अमरीका के ऑस्टिन क्राजिसेक और क्रोएशिया के इवान डोडिग की जोड़ी से होगा।

रंगपंचमी गेर

इंदौर में 30 मार्च को रंग पंचमी के अवसर पर रंगारंग गेर निकलेगी। इस गेर के माध्यम से पूरा शहर रंगों से सराबोर होगा। इंदौर की इस रंग–बिरंगी विरासत को संवारने की अनूठी पहल भी की जा रही है। इस बार गेर मार्ग के अनेक भवनों की बालकनी/छतों पर बैठकर मेहमान गेर का आनंद ले सकेंगे। इसकी बुकिंग के लिये कलेक्टर आशीष सिंह ने एक मोबाइल एप भी लांच किया है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं। रतलाम और दमोह में लू का प्रभाव रहा। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक तापमान बड़वानी, नर्मदापुरम, दमोह और छतरपुर जिले में 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान शहडोल जिले के कल्याणपुर में करीब 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसस विभाग ने आज रतलाम, दमोह और गुना जिले में लू चलने की संभावना जताई है। वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि 29 मार्च से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने से हवाओं के साथ नमी आने की संभावना है, जिसके चलते 30 एवं 31 मार्च को प्रदेश में कहीं–कहीं वर्षा भी हो सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खरगोन नगरपालिका ने राजस्व वसूली में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।
- विदिशा कलेक्टर ने संचालित गौशालाओं में भूसे की आपूर्ति सुनिश्चत करने के लिए भूसे को जिले से बाहर ले जाने पर रोक लगा दी है।
- डिंडोरी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन और आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
- एम्स भोपाल को एक निजी कंपनी ने मरीजों की सुविधा के लिए 11 सीटर बैटरी वाहन प्रदान किया है।

———————————————